>

Title: Regarding provision of Gas at subsidized rate to local artisans in Muradabad.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): माननीय अध्यक्ष जी, मैं मुरादाबाद की एक बहुत ही इम्पॉर्टेन्ट समस्या के लिए आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ । अध्यक्ष जी, पिछले दिनों मुरादाबाद सिटी, हिन्दुस्तान का सबसे ज्यादा पॉल्यूटेड सिटी माना गया और मैं समझता हूँ कि दुनिया का सबसे ज्यादा पॉल्यूटेड सिटी अगर कोई था, तो वह मुरादाबाद था । अध्यक्ष जी, मुरादाबाद के अन्दर आर्टीज़न्स, जो कोयले से काम करते हैं, जिससे कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस निकलती है, जिससे उनकी सेहत खराब हो रही है । मेरी सरकार से यह दर**ख्वास्त** है कि हमारे आर्टीज़न्स को भी उसी तरह सब्सिडा**इज्ड** रेट पर गैस दी जाए, जिस तरह फिरोज़ाबाद में गैस दी जा रही है, ताकि उनकी हेल्थ इम्प्रूव हो और पॉल्यूशन की समस्या से भी मुरादाबाद को निजात मिल सके । बहुत-बहुत शुक्रिया ।